**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 14 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण के संबंध में दिया गया निर्णय लागू हो गया है। हरियाणा मंत्रिमंडल ने पहले ही इसे स्वीकृति प्रदान कर दी थी।मुख्यमंत्री कल विधानसभा के प्रथम सत्र के दौरान विपक्ष के विधायकों द्वारा इस संबंध में सदन में उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे।उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का यह आदेश मुख्य सचिव की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

*********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि राज्य सरकार पेंशन और महंगाई भत्ते को जोड़ने वाले एक वैज्ञानिक फार्मूले के आधार पर सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनों की राशि में वृद्धि करेगी। कल हरियाणा विधानसभा के सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इसके अलावा, पिछड़े समाज की जातियों के कल्याण के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड बनाए जाएंगे। साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए 5 लाख आवास बनाए जाएंगे।राज्यपाल ने कहा कि देश के किसी भी सरकारी कालेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी और पिछड़ा वर्ग को अधिकतम 20 हजार रूपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। जिसमें 10 हजार रुपये ट्यूशन फीस व 10 हजार रुपये विकास शुल्क होगा।

**************************************************************************

हरियाणा सरकार ने श्रमिकों को उनके कार्यस्थल के निकट आवास उपलब्ध कराने के लिए एक लाख नए मकान बनाने की योजना तैयार की है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है ।उन्होंने कहा कि श्रमिकों की बेटी की शादी पर वित्तीय सहायता और कन्यादान योजना में 1 लाख 1 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। अब बेटी के विवाह से तीन दिन पहले ही 75,000 रुपये

की राशि देने की नई पहल की गई है। शेष 26,000 रुपये की राशि विवाह प्रमाण पत्र जमा कराने के बाद जारी की जाती है।

*********************************************************************

हरियाणा  के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि प्रदेश सरकार हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी देने के लिए संकल्पबद्ध है।विधानसभा में उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों को पांच साल तक की भुगतान अवधि के साथ 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। वीर उड़ान योजना के तहत पूर्व सैनिकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण व कौशल प्राप्त करने के लिए डी.बी.टी. के माध्यम से एकमुश्त 50 हजार रुपये प्रदान किये जाएंगे। जय जवान आवास योजना के तहत पूर्व सैनिकों के लिए आवास बनाने के काम में भी तेजी लाई जाएगी।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर हर 60 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाएगा। 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 200 बिस्तर तथा 200 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 300 बिस्तर वाले अस्पतालों में अपग्रेड किया जाएगा।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल विधानसभा के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाकर 3500 करेगी, वहीं हर जिले के सिविल अस्पताल में सघन चिकित्सा यूनिट ( आई.सी.यू )का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य अब चिरायु योजना के तहत मुफ्त इलाज की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये वार्षिक किया जाएगा।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा महिला कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की महिला कर्मचारियों को उनके पसंदीदा जिलों में तैनात करने की नीति लागू की जाएगी।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज विधानसभा के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि  इसके अलावा, रात्रि में काम करने वाली सभी महिलाओं को सुरक्षित परिवहन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि सी.ई.टी. की परीक्षा पास करने वाले सभी युवा, जिनको एक साल में नौकरी नहीं मिलेगी, उन्हें अगले 2 सालों तक 9,000 रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा।राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में कृत्रिम मेधा  और आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य के शीर्ष 5 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों को हरियाणा प्रौद्योगिकी संस्थान बनाया जाएगा।

श्री दत्तात्रेय ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक जिले में विभिन्न ओलम्पिक खेलों के लिए खेल नर्सरियां स्थापित की जाएंगी। हर ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपये तक की खेल प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

************************************************************************

आज सुबह घने कोहरे के कारण हांसी जींद रोड पर माजरा प्याऊ के पास एक ट्रक और हरियाणा रोड़वेज बस की आमने सामने हुई टक्कर में करीब 20 लोग घायल हो गए। बस गांव पेटवाड़ से हिसार जा रही थी।घायलों को नारनौंद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें इलाज के लिए हिसार भेजा है।